**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1509 का उत्तर**

**एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में परोसे जाने वाले भोजन का घटिया स्तर**

**1509. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में घटिया गुणवत्ता वाले भोजन परोसे जाने संबंधी यात्रियों के अनुभव से सरकार अवगत है;**

**(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;**

**(ग) क्या भोजन खान-पान सेवाओं और मूल्यों से संबंधित ग्राहकों के मुद्दों के समाधान के लिए कोई डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है/बनाए जाने का प्रस्ताव है; और**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ) : भारतीय रेल का यह निरंतर प्रयास है कि यात्रियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानदंडों और मानकों के अनुसार अच्छी गुणवत्ता और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। खानपान संबंधी शिकायतों के मामले में जुर्माना, अनुशासनिक कार्रवाई, परामर्श, चेतावनी आदि सहित त्वरित और उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।**

**रेलमदद के माध्यम से खानपान संबंधी मुद्दों सहित यात्री सेवा संबंधी सभी शिकायतों के निवारण के लिए एक मजबूत डिजिटल तंत्र मौजूद है।**

*******